हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 78 | हल्द्वानी (नैनीताल) गुरूवार 29 जनवरी 2026 | मूल्य रू 2 | पृष्ठ : 8

## जिला पंचायत सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया

हल्द्वानी संवाददाता. अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक सर्किट हाउस काठगोदाम में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की विकास योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं सदन के समक्ष रखीं। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं का मैदानी स्तर पर जाकर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विकास कार्यों को गति दी जाए।मुख्य विकास अधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की।निराश्रित पशुओं पर चिंता, नई गौशालाओं की तैयारीबैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं से हो रहे नुकसान और दुर्घटनाओं का मुद्दा प्रमुखता से उठा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में रामनगर, बैलपड़ाव, मालधनचौड़, लालकुआं, हल्दूचौड़ आदि स्थानों पर गौशालाएं संचालित हैं, लेकिन इनमें क्षमता से अधिक पशु हैं। वर्तमान में गौशालाओं में करीब 3100 गोवंश संरक्षित हैं।उन्होंने बताया कि प्रत्येक गौशाला को पशुपालन विभाग द्वारा 80 रुपये प्रति पशु प्रतिदिन दिया जाता है।



साथ ही रामनगर के मालधनचौड़ में नई गौशाला निर्माण हेतु डीपीआर तैयार की जा रही है। जिन क्षेत्रों में गौशालाएं नहीं हैं, वहां भूमि चयन की प्रक्रिया चल रही है।इसके अलावा ग्राम गौसेवक योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि योजना के तहत 5 नरगोवंश पालने पर सरकार द्वारा 400 रुपये प्रतिदिन भरण-पोषण हेतु दिए जाते हैं। वर्तमान में जनपद में 31 ग्राम गौसेवक कार्यरत हैं।पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं पर फोकसपर्वतीय क्षेत्रों के सदस्यों ने पीएचसी/सीएचसी में अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे और 108 एम्बुलेंस की कमी की शिकायत की। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिए कि रामगढ़, धारी, ओखलकांडा एवं बेतालघाट ब्लॉकों में हर माह रोस्टरवार मेडिकल कैंप लगाकर अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे तथा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएं।साथ ही पीएचसी/सीएचसी में बाहर की दवाइयां लिखे जाने पर रोक लगाने और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए गए।जंगली जानवरों से सुरक्षा और सड़कों की मरम्मत के निर्देशबैठक में जंगली जानवरों से फसल और जान-माल के नुकसान का मुद्दा भी उठा। सदस्यों ने संवेदनशील क्षेत्रों में सौर ऊर्जा चालित या कटीले तारों की फेंसिंग लगाने की मांग की। इस पर वन विभाग और कृषि विभाग को प्राथमिकता के साथ कार्य करने, नियमित पेट्रोलिंग और ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।मुख्य विकास अधिकारी ने लोनिवि और पीएमजीएसवाई को पर्वतीय क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों को ाथमिकता से गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए।पेयजल व कूड़ा निस्तारण पर भी सख्तीजेजेएम के तहत कई क्षेत्रों में अभी भी घरों तक पानी न पहुंचने की शिकायत पर जल संस्थान और जल निगम को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन कूड़ा निस्तारण सुनिश्चित करने तथा पर्वतीय आंतरिक मार्गों पर झाड़ियों की सफाई के लिए वन विभाग व लोनिवि के साथ संयुक्त टीम बनाने के निर्देश दिए गए।बैठक में उपाध्यक्ष जिला पंचायत देवकी देवी, ब्लॉक प्रमुख केडी रूवाली, मंजू नेगी, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, अपर मुख्य अधिकारी महेश कुमार सहित जिला पंचायत सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीएसटी 2.0 और भारतीय अर्थव्यवस्था पर पुस्तक का लोकार्पण

अल्मोड़ा संवाददाता. सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर पंकज कुमार शाह की पुस्तक जीएसटी 2.0 एंड इंडियन इकोनॉमी का लोकार्पण विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट ने किया। पुस्तक में जीएसटी 2.0 के प्रावधानों, उनके क्रियान्वयन और भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों का विस्तार से विश्लेषण किया गया है। लेखक ने जीएसटी के मूल्यांकन और भविष्य की संभावनाओं के साथ-साथ लघु एवं मध्यम उद्योगों, ग्रामीण आर्थिकी और देश के विभिन्न आर्थिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने पुस्तक के प्रकाशन पर प्रोफेसर पंकज कुमार शाह को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विपिन जोशी, डॉ. ललित जोशी और गोविंद मेर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 50 वाद्य यंत्र बजाकर 10 वर्षीय किरन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

रामनगर संवाददाता.नगर की 10 वर्षीय बालिका किरन कोटनाला ने एक साथ 50 वाद्य यंत्र बजाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक



में अपना नाम दर्ज कराकर प्रदेश व नगर का नाम पूरे विश्व मे रोशन किया है। दस वर्षीय बाल कलाकार किरन ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक मे नाम दर्ज करवाया है। रामनगर में गुरुनानक स्कूल में पांचवीं की छात्रा किरन कोटवाल ने अपनी मेहनत से बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। किरन ने सबसे कम उम्र (नौ साल तीन माह और 28 दिन) की बाल कलाकार के रूप मे 50 म्यूजिकल वाद्य यंत्रो को बजा कर इन्फुलेंसर बन अपना नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक मे दर्ज कराया जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है,किरन को 25 जनवरी 2026 को जयपुर इंटरनेशनल सेंटर में अवार्ड कार्यक्रम मे ये सम्मान दिया गया। जिसमे कई राज्यों से चुने गए कुछ विशिष्ट प्रतिभावान प्रतिभाओ को ये अवार्ड सम्मान के लिए चयनित किया गया था।किरन ने पचास म्यूजिकल वाद्य यंत्रो को बजाना सीखने के लिए काफी सालो का लगातार कठिन अभ्यास किया है। प्रतिदिन 7 से 8 घंटे की कठिन साधना बार बार हाथो पर बैंडेज आदि लगाकर अभ्यास करना,जिससे सितार, गिटार,वायलीन, की तारों से हाथो की चुभन कम हो और हाथ कटने से बचे, किरन अपने पिता प्रकाश कोटनाला की पैठ पड़ाव म्यूजिक क्लास मे अपने पापा के साथ हर पल रियाज मे डूबी रहती है, इस उपलब्धि को पाने के लिए उसने काफी अभ्यास किया है और अपने इस लक्ष्य को आखिरकार हासिल कर लिया है।

## यूसीसी में ग्राम वासियो को जागरूक करके यूसीसी में उत्कृष्ट कार्य करने पर संयुक्त रूप से सम्मानित किया

रामनगर संवाददाता. ग्राम शक्तिनगर पुछड़ी ग्राम प्रधान हज्जन नरगिस के द्वारा यूसीसी में ग्राम वासियो को जागरूक करके यूसीसी में उत्कृष्ट कार्य करने पर नगर



पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम,नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल,रामनगर खंड विकास अधिकारी गिरिश पांडे,रामनगर एबीडीओ और रामनगर एडीओ पंचायत द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, ईओ आलोक उनियाल,खंड विकास अधिकारी गिरिश पांडे सहित सभी का आभार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि इसी तरह अधिकारियों,कर्मचारियों और ग्रामीणों का साथ मिलता रहा तो ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विकास किया जाएगा।

# सम्पादकीय

## बोर्ड ऑफ पीस : ट्रंप का नया ट्रंप-कार्ड

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बोर्ड ऑफ पीस की शक्ल में अपना ट्रंप-कार्ड यानि तुरूप का पत्ता चल दिया है। बोर्ड ऑफ पीस यानि पीस क्लब को शांति का नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने से खफा ट्रंप का अपनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का उपक्रम माना जा रहा है। उन्होंने पैंसठ देशों के राष्ट्राध्यक्षों को इससे जुड़ने का न्यौता भेजा है और इसका सदस्यता शुल्क होगा एक अरब डॉलर। ट्रंप इस क्लब के चेयरमैन हैं और इसकी कार्यकारिणी में उनके दामाद जोरड कुश्नर और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर समेत अनेक राजनयिक और धन्नासेठ शामिल हैं। गौरतलब है कि यूएसए के दूसरी बार निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने स्वयं को वेनेजुएला का राष्ट्रपति घोषित करने के साथ ही ग्रीनलैंड पर दावा ठोंक रखा है और वह कनाडा को अमेरिकी राज्य के तौर पर देखने का सपना पाले हुये हैं।

बोर्ड ऑफ पीस की स्थापना की गाथा गत वर्ष युद्ध जर्जर गाजा में शांति-स्थापना की पहल से होती है। अक्टूबर, सन 2023 से प्रारंभ युद्ध में इस्रायली कार्रवाई से फलस्तीन को बड़े पैमाने पर तबाही का सामना करना पड़ा। अगस्त-सितंबर में ट्रंप ने टोनी ब्लेयर के सहयोग से गाजा में आंतरिक प्रशासन और आर्थिक बहाली की योजना प्रस्तुत की। प्रस्ताव को इस्रायल और हमास ने कुबूल कर लिया। 12 अक्टूबर को ब्लेयर फलस्तीन के उपराष्ट्?पति हुसैन अल शेख से जोर्डन में मिले। वार्ता सफल रही और उसी शाम ट्रंप ने गाजा-युद्ध के खात्मे और बोर्ड ऑफ पीस के गठन का ऐलान कर दिया। गाजा में युद्ध विराम एक बड़ी घटना थी, लिहाजा संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव क्रमांक 2803 के जरिये इसका स्वागत किया। जश्न के तौर पर 13 अक्टूबर, 25 को मिस्र में शर्म-अल-शेख में बैठक हुई। इसी क्रम में हमास के प्रवक्ता हाजेम कासिम की शीघ्र टेक्नालाजिकल कमेटी के गठन का बयान सामने आया। ट्रंप का अभियान बाला-बाला चलता रहा और अंततः 14 जनवरी को ट्रंप ने विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों को बोर्ड ऑफ पीस से जुड़ने का दावतनामा भेज दिया। अगले ही दिन उन्होंने दंभोक्ति की कि बोर्ड ऑफ पीस दुनिया में कभी भी और कहीं भी गठित किसी भी संगठन से अधिक प्रतिष्ठापूर्ण उपक्रम है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद होगा संकटग्रस्त इलाकों में शांति स्थापना, भरोसेमंद और वैध-प्रशासन की बहाली तथा स्थायित्व को बढ़ावा। सहज समझा जा सकता है कि ट्रंप संयुक्त राष्ट्र संघ के समांतर एक पृथक वैश्विक संगठन की इमारत की ईंटे चिन रहे हैं।

बोर्ड आफ पीस की कार्यकारिणी से इस संभावना को बल मिलता है कि ट्रंप इसे निजी क्लब के तौर पर चलाना चाहते हैं। उनका यह उपक्रम शांति स्थापना से अधिक अपनी ताकत और दबदबा बढ़ाने का हथकंडा अधिक लगता है। तो क्या वे यूएनओ को दरकिनार करना चाहते हैं। उन्होंने चेहरे चुन लिये है। इनमें उनके मित्र है, मंत्री हैं और सलाहकार हैं। वह अकारण नहीं है कि इसे उनके अहंकार या दंभ से जोड़कर देखा जा रहा है। मध्यपूर्व में यूएनओ के समन्वयक रहे निकोलाई म्लादेनोव इसके डायरेक्टर जनरल होंगे। कार्यकारिणी के अन्य सदस्य हैं अमेरिका के सेक्रेट्री ऑफ स्टेट मार्को रूबियो, मध्यपूर्व में विशेष दूत स्टीव विटकोफ दामाद कुशनर, ब्रिटन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेअर, अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के मार्क रोवान, राजनीतिक सलाहकार रॉबर्ट गैब्रिएल और वर्ल्ड बैंक के भारतीय मूल के अध्यक्ष अजयपाल सिंह बंगा।

ट्रंप के न्यौते पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने शिरकत की तस्दीक की हैं, वहीं तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगान की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है। अल्बानिया के पीएम एदी रामा ने भी आमंत्रण स्वीकार कर लिया है और इसे विश्व मंच पर अल्बानिया की बढ़?ती प्रतिष्ठा का द्?योतक बताया है। अजरबैजान ने जहां इंकार कर दिया है, वहीं फ्रांस के इमैनुएल मैक्रों ने ट्रंप को ठेंगा दिखा दिया है। बड़ी संख्या में मुस्लिम और यहूदी आबादी के अलावा समता, स्वतंत्रता और भ्रातृत्व में फ्रांसीसी निष्ठा जग जाहिर है। अमेरिका का स्टेचू ऑफ लिबर्टी फ्रांस का ही उपहार है। दूसरे योरोपियन यूनियन का हिमायती फ्रांस अमेरिका का पिछ लग्गू नहीं बनना चाहता। मैक्रों के इंकार से क्षुब्ध ट्रंप का नजला फ्रेंच वाइन और शैंपेन पर गिरा है और उन्होंने इन पर टैरिफ दो सौ फीसद बढ़ा दिया है।

# नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की चर्चा

अजीत द्विवेदी

बिहार और झारखंड दोनों जगह इन दिनों भारत रत्न की चर्चा बहुत हो रही है। रोचक बात यह है कि देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान की चर्चा राजनीतिक कारणों से हो रही है। कुछ साल पहले तक भारत रत्न सम्मान को राजनीति से परे देखा जाता था। लेकिन अब यह राजनीति को प्रभावित करने वाला एक माध्यम बन गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले चौधरी चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा हुई। इसके बाद चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी ने अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल का तालमेल एनडीए के साथ किया और उधर कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे नीतीश कुमार फिर से एनडीए में लौटे। अब एक बार फिर नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की चर्चा है और इस चर्चा के साथ ही यह भी जुड़ा हुआ है कि उसके बाद उनकी लंबी राजनीतिक पारी का अंत हो जाएगा।

उधर झारखंड की स्थापना में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की चर्चा है और उसके साथ यह राजनीति जुड़ी है कि उसके बाद हेमंत सोरेन अपनी पार्टी को एनडीए में शामिल कराएंगे। राज्य में जेएमएम और भाजपा की साझा सरकार बनेगी। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं लेकिन जेएमएम और भाजपा की साझा सरकार बनने की संभावना को बहुत मजबूत तर्कों से न्यायसंगत ठहराने का प्रयास हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता, हिंदुत्व व राष्ट्रवाद समर्थक न्यूज चैनल और सोशल मीडिया में राइटविंग का इकोसिस्टम इस नैरेटिव को बहुत प्रचारित कर रहा है, जिससे लग रहा है कि भाजपा को अपनी प्रासंगिकता बचाने और आदिवासी राजनीति की खोई हुई जमीन को वापस हासिल करने के लिए जेएमएम के साथ जाने की बड़ी जरुरत महसूस हो रही है।बहरहाल, कुछ दिन पहले पटना में जनता दल यू के मुख्यालय में नीतीश कुमार को भारत रत्न की मांग करने वाले होर्डिंग्स लगे। लेकिन जैसे ही मीडिया में इसकी खबर आई वैसे ही आनन फानन में होर्डिंग्स हटा दी गईं। पिछले दिनों पार्टी के बड़े नेता केसी त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चि;ी लिखी और उसमें नीतीश कुमार को समाजवादी राजनीति का बचा हुआ श्अनमोल रत्न्न बताते हुए उनको भारत रत्न देने की मांग की। यह चि;ी सामने आते ही जनता दल यू के नेता केसी त्यागी पर टूट पड़े। कहा गया कि उनकी मांग से पार्टी का कोई संबंध नहीं है। अच्छी बात है कोई संबंध नहीं है तो लेकिन इसके लिए क्या उनको पार्टी से निकाल दिया जाएगा या पार्टी की ओर से यह कहा जाएगा कि उनका पार्टी से कोई लेना देना नहीं है?क्या नीतीश कुमार के लिए भारत रत्न की मांग करके केसी त्यागी ने उनकी गरिमा गिराने वाला काम किया है? ऐसा कतई नहीं है। लेकिन जिस तरह से जनता दल यू के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है वह उनकी घबराहट और चिंता दिखाती है। ऐसा लग रहा है कि जनता दल यू नेता इस आशंका में जी रहे हैं कि किसी भी समय भाजपा कोई दांव चल सकती है और नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटा कर अपना मुख्यमंत्री बना सकती है। नीतीश की पार्टी के नेताओं में भय का यह स्थायी भाव हो गया है। वे भारत रत्न की मांग को भी इसी भय की दृष्टि से देख रहे हैं।लेकिन सवाल है कि क्या भारत रत्न मिलने का मतलब संन्यास लेना होता है? अगर किसी को अपने क्षेत्र की महान उपलब्धियों के लिए भारत रत्न मिले तो क्या उससे यह उम्मीद की जानी चाहिए कि वह उस काम को छोड़ देगा, जिसके लिए उसे भारत रत्न मिला है?

अगर कोई ऐसा सोचता है तो देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान की इससे बुरी व्याख्या कुछ नहीं हो सकती है। भारत में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मिसाल है, जिनको तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने अपनी पहल पर 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया और उसके बाद नेहरू अगले नौ साल तक, अपनी मृत्यु के दिन तक भारत के प्रधानमंत्री बने रहे थे। अगर भारत रत्न पाकर पंडित नेहरू प्रधानमंत्री बने रह सकते हैं तो भारत रत्न पाकर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री क्यों नहीं बने रह सकते हैं! इस तरह की अनगिनत मिसालें हैं। भारत रत्न से सम्मानित होने के बाद सचिन तेंडुलकर ने क्रिकेट नहीं छोड़ दिया या लता मंगेशकर ने गाना नहीं छोड़ दिया था।जिस क्षेत्र में असाधारण कार्य के लिए किसी व्यक्ति को सर्वोच्च सम्मान मिलता है उससे उम्मीद की जानी चाहिए कि वह उस कार्य को आगे जारी रखे। जैसे किसी को साहित्य का सर्वोच्च सम्मान यानी नोबल या बुकर मिलता है तो उससे उम्मीद की जाती है कि वह और श्रेष्ठ साहित्य की रचना करे। यह बात दूसरे क्षेत्र के नोबल पुरस्कार के बारे में भी कही जा सकती है। आखिरी नोबल मिलने के बाद अपना काम जारी रखा तभी मैडम क्यूरी को दूसरी बार नोबल मिला। सो, भारत रत्न मिलना राजनीति से संन्यास की शर्त नहीं है।तभी सवाल है कि जनता दल यू के नेता इतने आशंकित क्यों हैं? जैसे ही कोई नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की बात करता है वैसे ही जदयू नेता अतिवादी प्रतिक्रिया क्यों देने लगते हैं? असल में उनके इस भय या अतिवादी प्रतिक्रिया की जड़ें कहीं और हैं। इसकी बारीकी पर ध्यान देने की जरुरत है। भाजपा ने इस बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले यह ऐलान नहीं किया था कि अगर एनडीए चुनाव जीतेगी तो नीतीश कुमार मुख्यमंत्री होंगे। उसने बार बार कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। बाद के दिनों में यह भी कहा गया कि सीएम पद की वैकेंसी नहीं है। लेकिन नीतीश को सीएम का चेहरा घोषित नहीं करने का भाजपा ने जो फैसला किया उसका सीधा मतलब था कि मुख्यमंत्री का फैसला विधायकों की संख्या से होगा।

अभी संख्या ऐसी है कि दोनों में से कोई पार्टी अकेले दम पर सरकार नहीं बना सकती है। भाजपा अगर चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को जोड़ ले तब भी उसकी संख्या 117 ही पहुंचती है, जो बहुमत के जादुई आंकड़े 122 से कम है। ऐसे ही अगर नीतीश कुमार पहले की तरह पाला बदलें तो महागठबंधन के साथ मिल कर उनकी संख्या 120 पहुंचती है। इसमें ओवैसी की पार्टी और बसपा को जोड़ने पर आंकड़ा 125 पहुंचता है। लेकिन जाहिर है कि इसमें बहुत जोड़ तोड़ करने की जरुरत होगी और अब नीतीश कुमार व लालू प्रसाद दोनों इस स्थिति में नहीं हैं कि ऐसा कर सकें। दूसरी चुनौती यह है कि अगर ऐसा कोई प्रयास होगा तो अब भाजपा अब चुपचाप तमाशा नहीं देखेगी।

जनता दल यू की असली चिंता यही है कि भाजपा अब अकेले 89 सीट वाली पार्टी है और तीन छोटी सहयोगी पार्टियां लोजपा (आर), हम और रालोमो के 28 विधायक उसके साथ जा सकते हैं। असल में इस बार विधानसभा की जो तस्वीर बनी है वह पहले से काफी अलग है। नीतीश कुमार 85 सीट जीत कर भी उतने मजबूत नहीं हैं, जितने 43 सीट जीत कर थे। इस अंकगणित की वजह से जदयू आशंकित है। हालांकि अभी तक भाजपा ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वह नीतीश को हटा कर अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहती है लेकिन ऐसा भी नहीं है कि उसकी ऐसी चाहत नहीं है।

# सब कुछ डॉनल्ड ट्रंप पर निर्भर

ग्रीनलैंड मामले में हकीकत यह है कि सब कुछ डॉनल्ड ट्रंप पर निर्भर है। अगर उनके अमेरिका फर्स्ट की सोच में अपने सहयोगी देशों को निगलना भी शामिल है, तो फिर उन्हें कैसे रोका जाएगा, यह साफ नहीं है।

ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने के डॉनल्ड ट्रंप के जुनून से यूरोप में गुस्सा तो फैला है, लेकिन एक किस्म की लाचारी का अहसास भी वहां है। यूरोपीय नेता जानते हैं कि ट्रंप अपने इरादे पर अड़े रहे, तो उन्हें रोकना आसान नहीं होगा। इसलिए आठ यूरोपीय देशों के नेताओं के डेनमार्क से एकजुटता जताने और यूरोप-अमेरिका के संबंधों पर खराब असर की चेतावनी देने का व्यावहारिक मतलब कम ही है। ग्रीनलैंड मुद्दे पर अमेरिका का विरोध कर रहे देशों के ऊपर 10 फीसदी टैरिफ लगाने के ट्रंप के एलान के बाद जारी साझा बयान में इन नेताओं ने उपरोक्त बातें कही हैं। उधर यूरोपियन यूनियन की विदेश नीति प्रमुख काया केलास ने चीन और रूस का खतरा दिखाते हुए ट्रंप प्रशासन का विवेक जगाने की कोशिश की है।

बहरहाल, सवाल यही है कि ट्रंप ने अपना रुख नहीं बदला, तो यूरोप क्या करेगा? दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने अपनी खास योजना- मार्शल प्लान- के तहत यूरोप को ढाला। नतीजतन, उसकी सुरक्षा के सूत्र हमेशा अमेरिका के हाथ में रहे। आज भी पूरे यूरोप में लगभग 76,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। यूरोप के 80 प्रतिशत तक हथियार अमेरिकी कंपनियां सप्लाई करती हैं। जिस नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) के भरोसे यूरोप के देश सुरक्षित रहते आए हैं, उनका निर्विवाद नेता अमेरिका है। 1990 के दशक के बाद यूरोप की वित्तीय व्यवस्था भी अभिन्न रूप से अमेरिका से जुड़ गई। तब अमेरिकी मंशा से अलग निर्णय लेने की यूरोप की रणनीतिक स्वतंत्रता और सिकुड़ गई। इस दौर में अमेरिका का पिछलग्गू बन कर यूरोप ने अपना नैतिक बल और भी गंवा दिया। मसलन, ताजा प्रकरणों को ही देखें, तो एक संप्रभु देश- वेनेजुएला- के राष्ट्रपति के अपहरण पर अगर-मगर भरा रुख अपनाने के बाद ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोपीय नेता जब डेनमार्क की संप्रभुता का समर्थन करते हैं, तो बाकी दुनिया को उनकी बातें विडंबनाभरी नजर आती हैं।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# विकसित भारत- जी राम जी अधिनियम विषय पर नई टिहरी में मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का हुआ आयोजन

**– मुख्य अतिथि विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय ने किया कार्यशाला का शुभारंभ**

देहरादून संवाददाता. बुधवार को जिला कार्यालय सभागार, नई टिहरी में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) देहरादून के तत्वावधान में विकसित भारतख्रगारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन विषय पर मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य योजना के प्रावधानों एवं लाभ की जानकारी मीडिया के माध्यम से आम जन तक पहुंचाना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डीएम नितिका खंडेलवाल, सहायक निदेशक पीआईबी संजीव सुंद्रियाल, जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई अविनाश सैनी सहित जनपद के विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारतख्रगारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए रोजगार और आय सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि विकसित भारतख्रजी राम जी अधिनियम के अंतर्गत रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कार्यशाला में प्राप्त सुझावों, संशयों एवं जमीनी स्तर की समस्याओं को शासन एवं केंद्र सरकार के समक्ष रखने का आश्वासन देते हुए कहा कि जल सुरक्षा, ग्रामीण संपर्क मार्ग, आजीविका आधारित अवसंरचना, नेटवर्क कनेक्टिविटी तथा चरम मौसम घटनाओं से निपटने वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे गांवों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा सकेगा। जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल ने इस अवसर पर कहा कि मनरेगा के नए स्वरूप में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन को लागू करते समय आने वाली व्यवहारिक समस्याओं को स्पष्ट कर शासन स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सुचारु रूप से पहुंच सके। उन्होंने मीडिया से भी अपेक्षा की कि योजनाओं की सही जानकारी जनता तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करें। कार्यशाला में सहायक निदेशक पीआईबी संजीव सुंद्रियाल ने विकसित भारतख्रजी राम जी अधिनियम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करना एवं परिवारों की आय सुरक्षा को मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रति ग्रामीण परिवार रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जिससे पहले की तुलना में अधिक आय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि यह मिशन चार प्राथमिकता क्षेत्रों में टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना के साथ मजदूरी आधारित रोजगार को जोड़ता है। साथ ही योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार में मीडिया की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम ने मनरेगा एवं विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह एकमात्र योजना है जो अकुशल श्रमिकों को भी रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि रोजगार की मांग किए जाने पर 15 दिनों के भीतर कार्य उपलब्ध कराना अनिवार्य है, अन्यथा बेरोजगारी भत्ता देय होता है। उन्होंने जानकारी दी कि योजना के अंतर्गत समान कार्य के लिए समान मजदूरी का प्रावधान है तथा महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस योजना के तहत मजदूरी मद की धनराशि शत-प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाती है, जबकि राज्य सरकारें योजना के क्रियान्वयन एवं निगरानी की जिम्मेदारी निभाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) ख्र वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 के अंतर्गत 125 दिन की मजदूरी आधारित रोजगार गारंटी प्रदान की जाती है, जिससे पूर्व में निर्धारित 100 दिनों की पात्रता से अधिक दिनों की आय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। योजना के वित्तपोषण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच लागत-साझाकरण का अनुपात सामान्य राज्यों के लिए 60:40 तथा पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए 90:10 निर्धारित किया गया है। अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई अविनाश सैनी ने ग्रामीण सड़क योजनाओं के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी। वार्तालाप आधारित मीडिया कार्यशाला का संचालन वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र दुमोगा द्वारा किया गया। इस अवसर पर न्यू टिहरी प्रेस क्लब अध्यक्ष अनुराग उनियाल, महामंत्री विजय गुसांई, विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान दिखोल गांव बलवंत रावत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




## संक्षिप्त समाचार...

### आशा कार्यकर्ताओं ने एएनएम पर लगाया गलत टीकाकरण के आरोप

रुड़की संवाददाता. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एएनएम पर आशा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के गलत टीकाकरण का आरोप लगाया। आशा कार्यकर्ता नुसरत जहां, गीता पांडे, पूजा, रजनी आदि ने प्रदर्शन कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। आरोप लगाया कि एएनएम की ओर से टीकाकरण प्रक्रिया में लापरवाही बरती जा रही है। इसके अलावा आशा कार्यकर्ताओं को लगातार अपमानित किया जा रहा है। इससे कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इस मामले की जांच की मांग की है।

### शिविर में आई 26 शिकायतें, 17 का किया समाधान

रुड़की संवाददाता. खानपुर के पोड़ोवाली गांव में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत शिविर लगाया गया। इस शिविर में दर्जाधारी सुरेंद्र मोघा और एसडीएम सौरभ सिंह असवाल ने लोगों की समस्या और शिकायतों पर सुनवाई की। शिविर में कुल 26 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से 17 का निस्तारण किया गया। पशु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष दर्जाधारी सुरेंद्र मोघा ने लक्सर के एसडीएम सौरभ सिंह असवाल और जिला पंचायत के अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के साथ पोड़ोवाली में आयोजित शिविर की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों से संबंधित अपना कोई भी काम कराने के लिए अब लोगों को अब भटकने की जरूरत नहीं है। विभाग खुद शिविर के माध्यम से गांव में पहुंचकर उनकी समस्या का निस्तारण कर रहा है। इसके बाद शिविर में आए प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई हुई।

### किशोरियों को निशुल्क लगेगा सर्वाइकल कैंसर का टीका

रुड़की संवाददाता. स्वास्थ्य विभाग जल्दी ही सर्वाइकल कैंसर के लिए विशेष टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रहा है। यह वैक्सीन 14 से 15 वर्ष के बीच की तक उम्र वाली किशोरियों को निशुल्क लगाई जाएगी। विभाग के आदेश पर आशाएं अपने क्षेत्र का सर्वे करके ऐसी किशोरियों की सूची बना रही हैं। एसडीएम सौरभ सिंह ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक लेकर इस अभियान को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। सीएचसी के प्रभारी डॉ. सैयद रफी अहमद ने बताया कि 14 साल की आयु पूर्ण होने के बाद 15 वर्ष 3 माह तक की उम्र वाली हर किशोरी को 0.5 एमएल वैक्सीन निशुल्क लगाई जाएगी।

### चार दिन से पानी की पाइप लीकेज, पेयजल संकट गहराया

रुड़की संवाददाता. क्षेत्र के मेहवड़ कलां गांव की बादी कॉलोनी में चार दिन से टंकी की पाइप लाइन लीकेज के कारण पानी की बर्बादी हो रही है। इस कारण हर रोज कई हजार लीटर पीने का पानी नालियों में बह रहा है। यह पानी किसानों के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में जा रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। वहीं बस्ती के लोग पीने के पानी का संकट भी झेल रहे हैं। लोग संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन शिकायत के बाद भी पाइप लाइन की लीकेज को ठीक नहीं कराया है।

### पैमाईश के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पर किया हमला

रुड़की संवाददाता. कुड़ी भगवानपुर में विवादित जमीन की पैमाइश कर रही राजस्व टीम के सामने ही एक पक्ष ने दूसरे पर हमला बोल दिया। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। पीड़ित पक्ष ने लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, राजस्व टीम भी बिना पैमाइश किए ही लौट गई। भुरनी खतीरपुर गांव के खुर्शीद अहमद का गांव के ही आशिक अली के साथ जमीन का विवाद है। इसकी खुर्शीद ने तहसील प्रशासन से शिकायत की थी। इस पर तहसीलदार ने लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को भूमि का निरीक्षण और पैमाइश करने के आदेश दिए थे।

# मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने किया दून सिल्क आउटलेट के शुभारंभ

**– चार राज्यों के अध्ययन भ्रमण पर जाएंगे रेशम बुनकरः डॉ. रावत**

देहरादून संवाददाता. उत्तराखंड को-ऑपरेटिव रेशम फेडरेशन द्वारा प्रदेश के रेशम बुनकरों को चार राज्यों में अध्ययन भ्रमण पर भेजा जाएगा, ताकि वे आधुनिक तकनीक, नवीन डिजाइन और उन्नत रेशम उत्पादन प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। यह घोषणा माननीय सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून स्थित राजपुर रोड पर दून सिल्क के चौथे रिटेल आउटलेट के शुभारंभ अवसर पर की। डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि अध्ययन भ्रमण से रेशम बुनकरों की कार्यक्षमता और दक्षता में वृद्धि होगी तथा वे देश के अन्य राज्यों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ तकनीकों को उत्तराखंड में लागू कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह भ्रमण कार्यक्रम पूरी तरह सुनियोजित और उद्देश्यपूर्ण हो, जिससे बुनकरों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता मंत्री ने रेशम बुनकरों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने बुनकरों से प्रश्न किया कि क्या रेशम फेडरेशन उनके साथ पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य कर रही है। इस पर उपस्थित बुनकरों ने एक स्वर में फेडरेशन की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन, भुगतान व्यवस्था और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में पूर्ण पारदर्शिता बरती जा रही है, जिसका सीधा लाभ उन्हें मिल रहा है। डॉ. रावत ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में प्रदेश सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और किसानोंख्र बुनकरों के हित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य कर रही है, जिससे जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बुनाई कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा सिल्क समग्र परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर 25 कीटपालकों को चेक वितरित किए गए, जबकि बुनाई क्षेत्र से जुड़े लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।फेडरेशन के प्रबंध निदेशक आनंद शुक्ल ने बताया कि रेशम फेडरेशन का लक्ष्य प्रदेश की 10,000 महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में सशक्त बनाना है। उन्होंने जानकारी दी कि आज दून सिल्क के चौथे आउटलेट का शुभारंभ किया गया है तथा शीघ्र ही प्रदेश के अन्य शहरों में छह और आउटलेट खोले जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष में फेडरेशन द्वारा ঘ10 करोड़ के कारोबार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इस अवसर पर निदेशक रेशम प्रदीप कुमार, पूर्व अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह, महाप्रबंधक मातबर कंडारी सहित बड़ी संख्या में महिला बुनकर एवं रेशम फेडरेशन से जुड़े कीटपालक लाभार्थी उपस्थित रहे।



हिन्दी दैनिक जोखिम

# नवंबर-दिसंबर में पानी नहीं मिला तो बिल भी नहीं भरेंगे ग्रामीण

नई टिहरी संवाददाता. थौलधार ब्लॉक में ग्राम पंचायत कटखेत में नवंबर-दिसंबर में जलापूर्ति ठप रही। ऐसे में लोगों ने उक्त दो माह का जलकर नहीं देने का निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत की बैठक में पेयजल उपभोक्ताओं ने कहा कि टैंक फटने के कारण जल संस्थान दो माह तक जलापूर्ति नहीं करा पाया जिससे लोगों को कई परेशानियां झेलनी पड़ी। लोगों को जब पानी ही नहीं मिला तो बिल भी नहीं भरेंगे। कटखेत गांव का पेयजल सप्लाई टैंक क्षतिग्रस्त होने के कारण गांव की पेयजल आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों को पेयजल व्यवस्था के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। गांव के प्रधान राधाकृष्ण जोशी ने बताया कि क्षतिग्रस्त टैंक की मरम्मत के दौरान गांव में पेयजल की सप्लाई नवंबर और दिसंबर में पूरी तरह से ठप रही। ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी जूझना पड़ा। जल संस्थान ने जो व्यवस्था बनाई थी ज्यादातर लोगों को उसका कोई फायदा नहीं मिला। प्रधान ने बताया कि पेयजल समस्या को लेकर गांव में हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि दो माह जब जलापूर्ति हुई ही नहीं तो वह उसका भुगतान भी नहीं करेंगे।प्रधान ने जल संस्थान से कटखेत के ग्रामीणों का दो माह का बिल माफ करने की मांग की है। इस बाबत जल संस्थान के अवर अभियंता गिरीश सेमवाल ने कहा कि टैंक की मरम्मत के दौरान दो माह तक गांव के लिए बाईपास से लाइन जोड़कर नियमित आपूर्ति दी गई। अब सप्लाई टैंक की मरम्मत होने के बाद पूर्ववत लाइन चालू कर दी गई है। योजना को ग्राम पंचायत के हैंडओवर की जानी है लेकिन ग्रामीण इसके लिए तैयार नहीं है। पानी के बिल को ग्रामीणों को भरना ही पड़ेगा। बिल माफ करने का निर्णय शासन स्तर से ही लिया जा सकता है।

# 33 परिवारों पर मंडरा रहा है खतरा, जर्जर हुए मकानों में रहना मुश्किल

नई टिहरी संवाददाता. भिलंगना ब्लॉक के थार्ती नैलचामी गांव में वर्ष 2022 से भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है। गांव के नीचे लगातार हो रहे भू-धंसाव के कारण खतरा बढ़ता जा रहा है। खतरे को देखते हुए गांव के 33 परिवारों के पुनर्वास की प्रशासनिक स्वीकृति के बावजूद अभी तक उनका विस्थापन नहीं हो पाया है जिससे ग्रामीणों को खतरों के साए में रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि शीघ्र जमीन तलाश कर प्रभवितों को आवंटित करें। थार्ती नैलचामी के ग्रामीण पिछले तीन साल से खतरों के साए में रहने को मजबूर हैं। वर्ष 2022 में हुई भारी बारिश के कारण गांव के नीचे से भूधंसाव शुरू हो गया था, जो हर साल बढ़कर ग्रामीणों के मकानों तक पहुंचने लगा है। इस कारण गांव के 33 परिवारों के आवासीय मकान काफी जर्जर स्थिति में पहुंच गए हैं। वहां खतरा इतना बढ़ गया है, कि हल्की बारिश होने पर खतरे की जद में आए परिवारों को प्राथमिक स्कूल भवन में शिफ्ट करना पड़ता है।

# जिला गंगा प्लान की देखरेख करने के दिए निर्देश

नई टिहरी संवाददाता. जिला स्तरीय गंगा समिति की बैठक में गंगा संरक्षण और स्वच्छता की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम नितिका खंडेलवाल ने डीएफओ को जिला गंगा प्लान की देखरेख करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने जल संस्थान के ईई और डीपीओ नमामि गंगे को निर्देशित करते हुए कहा कि जीआईएस और संबंधित तकनीकी टीम के साथ समन्वय स्थापित कर सभी हितधारक विभागों और वर्किंग एजेंसियों के सहयोग से जिला गंगा योजना तैयार करने के लिए एक कार्यशाला आयोजित करें। पेयजल निगम के अधीक्षण अभियंता संदीप कश्यप ने शहरी क्षेत्र में सीवेज उत्पादन एवं एसटीपी उपचार क्षमता के बीच अंतर को कम करने की कार्ययोजना की जानकारी दी। डीपीओ नमामि गंगे परियोजना अरुण उनियाल ने परियोजना प्रबंधक, निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) श्रीनगर से प्राप्त रिपोर्ट के हवाले से बताया कि देवप्रयाग में 200 मीटर सीवर लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है, जिससे 17 घरों को जोड़ा जाना प्रस्तावित है। बैठक में डीएफओ पुनीत तोमर और ईओ वासुदेव डंगवाल आदि मौजूद थे।

## टिनशेड पर स्वामित्व देने की मांग को लेकर धरना 15वें दिन जारी

नई टिहरी संवाददाता. केमसारी में टिनशेड आवास को स्थायी रूप से आवंटन करने की मांग को लेकर बांध प्रभावितों का धरना 15वें दिन भी जारी रहा। एक सूत्री मांग को लेकर धरने पर बैठे बांध प्रभावितों ने कहा कि 2002-03 में जब पुरानी टिहरी शहर में पानी भरने लगा था उस समय तक जिनका पुनर्वास नहीं हो पाया था उन्हें बौराड़ी केमसारी में बनाए गए टिनशेड अस्थायी रूप से आवंटित कर शिफ्ट किया गया था। एकता शक्ति संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र खत्री ने बताया कि 23 सालों में लोगों का परिवार बढ़ने पर सब एक कमरे में रहने को मजबूर हैं। जल्द समस्या का समाधान न होने पर अनशन शुरू करने की चेतावनी दी। धरना देने वालों में संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र खत्री, सीताराम, जमीर, पंकज, नीरज, बैशाख सिंह, हनीफ,तौसीब अहमद, समीम, लियाकत अली, गुड्डी देवी, बाला देवी, रेखा, रजनी, उर्मिला धनाई, रोशनी देवी, लक्ष्मी देवी, सुमिता घई, मंजू, ममता पैन्यूली, सुंदरा देवी बैठी रही।

# मजदूरी बढ़ाने और मोबाइल नेटवर्क में सुधार की जरूरत

नई टिहरी संवाददाता. प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो की पहल पर जिला सभागार में केंद्र सरकार की ओर से पारित वीबी जी राम जी को लेकर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक किशोर उपाध्याय, डीएम नितिका खंडेलवाल, डीडीओ मो. असलम और पीआईबी के सहायक निदेशक संजीव सुंदरियाल ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। विधायक उपाध्याय ने पहाड़ी राज्यों में मनरेगा मजदूरी बढाने, तकनीक उपयोग के लिए मोबाइल नेटवर्क को बेहतर करने पर जोर दिया। डीडीओ मो. असलम ने मनरेगा और वीबी-जी राज जी की तुलनात्मक जानकारी दी। पीआईबी के सहायक निदेशक सुंदरियाल ने बताया कि योजना में आपदा के कामों, मजदूरी की दरें भी समय-समय पर महंगाई दर के आधार पर बढ़ाने और श्रमिकों की सुरक्षा की व्यवस्था है। ग्राम प्रधान बलवंत रावत, बीडीसी सदस्य कुलानंद चमोली ने मानव दिवस बढ़ाने और बेहतर क्रियान्वयन करने पर जोर दिया।

## गर्भवती महिलाओं को निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में मिले बेहतर सुविधा

पौड़ी संवाददाता. ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में ही अधिकतम उपचार मिलेगा। साथ ही 108 एम्बुलेंस के साथ ही विभागीय एंबुलेंस भी निशुल्क मिलेगी। डीएम ने गर्भवती महिलाओं को निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा देने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्रों तक लंबी दूरी तय करने वाली गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड व्यवस्था के लिए साप्ताहिक रोस्टर तैयार करें। सीएमओ कार्यालय में डीएम स्वाति एस भदौरिया ने स्वास्थ्य विभाग के तहत जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने टीबी जांच के लिए मोबाइल एक्स-रे वाहन को तकनीशियनों व संसाधनों से लैस करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित सभी आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से किए जाए। डीएम ने स्वास्थ्य केंद्रों में अल्ट्रासाउंड व्यवस्थाओं को भी सुचारु करने के लिए तकनीशियनों को नियुक्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्थिति पर निगरानी रखने को कहा। जिन क्षेत्रों में संस्थागत प्रसवों की संख्या कम है वहां संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग को विभिन्न जरूरतों के लिए 33.60 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी। इस मौके पर सीएमओ डॉ. शिव मोहन शुक्ला, एसीएमओ डॉ. पारुल गोयल, डॉ. विनय त्यागी, रीप प्रबंधक कुलदीप बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# भैसयारों में फरवरी से शुरू होगा आयुर्वेदिक अस्पताल भवन निर्माण

नई टिहरी संवाददाता. लंबे इंतजार के बाद नरेंद्रनगर ब्लॉक के भैसयारों में आयुर्वेदिक अस्पताल निर्माण की राह आसान हो गई। कार्यदायी संस्था ने आगामी फरवरी से अस्पताल भवन निर्माण शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली है। नया भवन बनने के बाद अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों और कर्मचारियों को पर्याप्त स्थान मिलेगा और क्षेत्र के लोगों को पंचकर्मा सेंटर की सुविधा भी मिलेगी। भैसयारों में आयुर्वेदिक अस्पताल की स्वीकृति छह वर्ष पूर्व मिली थी लेकिन भवन के अभाव में अस्पताल को किराये के भवन में संचालित करना पड़ रहा था। वर्तमान में यह अस्पताल दो कमरों में संचालित हो रहा है। जहां चिकित्सकों, कर्मचारियों के लिए बैठने और उपचार की समुचित व्यवस्था नहीं है। सीमित संसाधनों के कारण मरीजों को भी कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोग लंबे समय से भवन निर्माण की मांग कर रहे थे लेकिन भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण मामला अटका हुआ था। काफी प्रयासों के बाद गत वर्ष स्थानीय लोगों ने अस्पताल भवन निर्माण के लिए अपनी निजी भूमि दान कर समस्या का स्थायी समाधान निकाल दिया। इसके बाद जिला योजना से अस्पताल भवन निर्माण के लिए दो करोड़ 26 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यदायी संस्था पेयजल निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक सौरभ शर्मा ने बताया कि भैसयारों में आयुर्वेदिक अस्पताल भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। आगामी फरवरी में विधिवत शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। लक्ष्य है कि एक वर्ष के भीतर भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर अस्पताल को नए भवन में शिफ्ट कर दिया जाए। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र ने बताया कि नए भवन के निर्माण के बाद अस्पताल में पंचकर्मा सेंटर की सुविधा शुरू की जाएगी। इससे भैसयारों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आयुर्वेदिक उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

# वन भूमि अधिनियम के फेर में फंसी कफनौल की पेयजल योजना

नई टिहरी संवाददाता. जल जीवन मिशन के तहत पांच करोड़ की लागत से बन रही कफनौल गांव की पेयजल योजना वन भूमि अधिनियम के पेच की वजह से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। वन स्वीकृति नहीं मिलने से पेयजल योजना का कार्य दो वर्षों से बंद पड़ा है। गांव के लोग पुरानी पेयजल व्यवस्था से काम चला रहे हैं। पुरानी पेयजल लाइन पर पानी की मात्रा कम होने से गांव में अधिकांशतः पेयजल किल्लत बनी रहती है। जल जीवन मिशन के तहत कफनौल गांव के 400 परिवारों की पेयजल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत पांच करोड़ की लागत से रूपनौल स्रोत से सात किमी लंबी पाइप लाइन बिछाई जानी थी जो बन स्वीकृति नहीं मिलने से बंद पड़ी हुई है। पेयजल योजना की स्वीकृति से ग्रामीणों को उम्मीदें जगी थी कि अब उन्हें पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा लेकिन दो वर्ष बाद भी ग्रामीणों को नई योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कार्यदायी संस्था पेयजल निर्माण निगम की ओर से प्रथम फेज के कार्य में पेयजल कनेक्शन भी बांटे गए हैं जिन पर पुरानी योजना का पानी चल रहा है। पेयजल निर्माण निगम उत्तरकाशी के ईई मधुकांत कोटियाल का कहना है कि वन स्वीकृति न मिलने से योजना का कार्य रुका है। प्रथम फेज का कार्य पूरा हो चुका है। नोडल से कुछ आपत्ति लगी थी जिसका जवाब बना कर भेज दिया है। वन स्वीकृति मिलने पर ही योजना का कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं, डीएफओ अपर यमुना वन प्रभाग रविन्द्र पुंडीर ने बताया कि योजना पर लगी आपत्ति को निस्तारण के लिए नवंबर में नोडल से केंद्र सरकार को भेजा गया है। जल्द ही आपत्ति का निस्तारण होने की उम्मीद है।

## मंदिरों में चोरी करने वाले आरोपी ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़े

रुद्रप्रयाग संवाददाता. केदारघाटी के लमगोंडी क्षेत्र में मंदिरों में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। बुधवार को मंदिर में चोरी की कोशिश करने पर ग्रामीणों ने मुस्तैदी दिखाते हुए चोरी के सामान से लदे एक वाहन को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने वाहन से घंटियां, त्रिशूल और चिमटे बरामद कर चार आरोपियों (कबाड़ बेचने वाले) को गिरफ्तार कर लिया। सभी हरिद्वार निवासी हैं। बरम्वाड़ी के पाली तोक स्थित नरसिंह मंदिर में चार लोगों ने चोरी की कोशिश की। खेतों में काम कर रही महिलाओं के शोर मचाने पर आरोपी वाहन से भागने लगे। ग्रामीणों ने उनका पीछा कर टेमरिया के पास वाहन को घेर लिया।

## भिलंगना ब्लॉक के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

नई टिहरी संवाददाता. युवा कल्याण विभाग की पहल पर आयोजित खेल महाकुंभ के तहत अंडर-19 आयु वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भिलंगना ब्लॉक के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। खेल महाकुंभ के अंतर्गत भिलंगना के खिलाड़ियों ने उत्तरकाशी के मनेरा स्टेडियम में सांसद चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 25 जनवरी से शुरू हुई प्रतियोगिता तीन फरवरी तक संचालित होगी। युवा कल्याण विभाग के सहायक प्रभारी कुंदन चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता में हिमालयन इंग्लिश स्कूल घनसाली के खिलाड़ी सुधीर ने गोला फेंक में पहला, ग्राम हडियाणा तल्ला के अभिषेक ने 800 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में कॉन्वेंट स्कूल घनसाली की दिया ने भाला फेंक में प्रथम, इसी विद्यालय की श्रुति ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी कूड़ा फेंकने वालों पर नजर

नई टिहरी संवाददाता. नगर पालिका नई टिहरी में नगर क्षेत्र में घरों का कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर सीसीटीवी कैमरों की मद्द से नजर रखी जा रही है। पालिका ने नगर क्षेत्र में 15 ऐसे संभावित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं हैं जहां लोग अक्सर कूड़ा फेंक देते हैं। नगर पालिका नई टिहरी ऐसे लोगों पर सीसीटीवी कमरों से नजर रख रही हैं, जो अक्सर घरों का कूड़ा इधर-उधर फेंक देते हैं। पालिका की ओर से नई टिहरी बाजार के समीप, प्रेस क्लब के पास, 9 सी बौराड़ी में दो स्थानों पर, नई टिहरी-बौराड़ी सड़क पर छमुंड के पास, आंचल डेयरी के समीप, ढुंगीधार के दो स्थानों के साथ नगर के विभिन्न जगहों पर सौर ऊर्जा से चलने वाले 15 सीसीटीवी कैमरे लगाएं हैं। सभी कैमरों को पालिका कर्मियों के मोबाइल से जोड़ा गया है। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक प्रीतम सिंह नेगी ने बताया कि लोग रात को घरों से कूड़ा लाकर इधर-उधर फेंक देते हैं। सौर ऊर्जा से चलने वाले इन सीसीटीवी कैमरों को आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर लगाएं जाने की सुविधा है। कैमरों की मद्द से कूड़ा फेंकने वाले की पहचान कर उन पर जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। पालिका की ओर नगर को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए नाम बताओ-इनाम पाओ योजना संचालित की हुई है। योजना के तहत इधर-उधर कूड़ा फेंकने वाले का नाम बताने वाले को इनाम भी दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से कूड़ा डोर टू डोर आने वाले कूड़ा वाहन में डालने की अपील की है।

# बड़े मीट के रेट में बढ़ोतरी के खिलाफ नगर पालिका में विरोध

## सभासदों व मुस्लिम समाज ने ईओ को सौंपा ज्ञापन रेट कम करने की मांग

रामनगर संवाददाता। बड़े मीट के मूल्य में की गई वृद्धि को लेकर बुधवार को नगर पालिका परिषद रामनगर में विरोध प्रदर्शन हुआ। नगर पालिका के सभासदों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मुस्लिम समाज के लोगों ने नगर पालिका पहुंचकर अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल का घेराव किया और बढ़े हुए रेट कम किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वर्तमान में रामनगर में बड़े का मीट 340 रुपये प्रति किलो बेचा जा रहा है, जबकि हल्द्वानी, कालाढूंगी, काशीपुर,



जसपुर और रुद्रपुर जैसे आसपास के क्षेत्रों में यही मीट 270 रुपये प्रति किलो में उपलब्ध है। जब मीट की आपूर्ति एक ही स्थान से हो रही है, तो रामनगर में अधिक दाम वसूले जाने पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने आरोप लगाया कि मीट विक्रय के लिए आवंटित फड़ों में पारदर्शिता नहीं है और कुछ फड़ नियम विरुद्ध तरीके से अन्य लोगों को सौंपे गए हैं जिसकी जांच की जानी चाहिए। इसके साथ ही मीट विक्रेताओं द्वारा उपभोक्ताओं से अभद्रता गाली-गलौज और मारपीट के आरोप भी लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मीट के रेट कम नहीं किए गए तो नगर पालिका में तालाबंदी कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मामले में नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल ने बताया कि बड़े मीट के रेट को लेकर बोर्ड में प्रस्ताव रखा जाएगा और फरवरी माह में होने वाली बोर्ड बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी ठेकेदार द्वारा अपने फड़ नियम विरुद्ध तरीके से बेचे गए हैं तो उनकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मीट विक्रय स्थलों पर जनता की सुविधा के लिए सीसीटीवी कैमरे और इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी लगाए जाएंगे। इस दौरान शेर खान, सभासद शमीम अहमद, सभासद नदीम अंसारी, सभासद प्रतिनिधि राजा सलमानी, सभासद सलमान सलमानी, आप की खिदमत के अध्यक्ष शुएब कुरैशी, खिदमते-ए-खल्क के अध्यक्ष जिशान कुरैशी, समाजसेवी आदिल खान, कांग्रेस नेता नजाकत अली, पूर्व सभासद मुजाहिद सिद्दीकी, कांग्रेस नेता अनीस आलम अंसारी, बसपा नेता नवाब अहमद, बसपा नेता सगीरुद्दीन, अनीस अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवी डॉ. जफर सैफी के द्वारा सब्जी मंडी मे झण्डारोहण किया गया

रामनगर संवाददाता. समाजसेवी व नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट-इंडिया के नगराध्यक्ष डॉ. जफर सैफी के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सब्जी मंडी-फड़ बाजार मे झण्डारोहण किया गया। इस अवसर पर झण्डारोहण उपरांत राष्ट्रगान गाया गया व देशभक्ति के नारे लगाये गये एवं मिष्ठान वितरण करके एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाये दी गयी। इस मौके पर कॉग्रेस विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री फैजुल हक एडवोकेट, टेम्पू एसो. अध्यक्ष युसुफ कुरैशी, हाजी जुल्फिकार कुरैशी, शहजाद हुसैन, परवेज खान, जसपाल बिष्ट, यासीन तिवारी, मौ. रईस, नाजिम सैफी, मौ. नौशाद, नईम बाबा, लक्की बिष्ट आदि मौजूद रहे।



# हनी-ट्रैप और रंगदारी गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़

उधम सिंह नगर संवाददाता. /सोशल मीडिया के जरिए चल रहे एक संगठित हनी-ट्रैप और रंगदारी गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला गैंगस्टर समेत तीन को गिरफ्तार किया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के मुताबिक, यह गिरोह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म खासतौर पर फेसबुक के माध्यम से युवकों को अपने जाल में फंसाता था। शिकायतकर्ता दाऊद पुत्र भूरा, निवासी रामपुर ने पुलिस को बताया कि एक महिला ने फेसबुक पर दोस्ती कर उसे गदरपुर बुलाया। वहां पहले से घात लगाए बैठे गिरोह के सदस्यों ने अश्लील वीडियो वायरल करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उससे 40 हजार रुपए की नकद और 95 हजार ऑनलाइन वसूल लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और गिरोह की मुख्य महिला जौहर उर्फ महक समेत तीन लोगों को दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल होने वाली कार और रंगदारी की रकम भी बरामद की गई है। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि यह कोई एक-दो लोगों का गिरोह नहीं, बल्कि 10 से 12 सदस्यों का संगठित नेटवर्क है।गिरोह की महिला सदस्य पहले सोशल मीडिया पर अमीर और अकेले युवकों से दोस्ती करती थी, फिर उन्हें अलग-अलग शहरों में मिलने के बहाने बुलाकर ब्लैकमेल और रंगदारी की जाती थी। पुलिस के अनुसार, जौहर उर्फ महक का आपराधिक इतिहास पहले से ही लंबा है। वह पूर्व में गैंगस्टर एक्ट के तहत जेल जा चुकी है और पूछताछ में करीब एक दर्जन घटनाओं को अंजाम देने की बात भी कबूल कर चुकी है।इस पूरे मामले में दीपक, राहुल और शिवम उर्फ हैप्पी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। साथ ही अन्य जनपदों से भी गिरोह से जुड़े आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने साफ शब्दों में कहा है कि जिले में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# रामनगर में गुलदार का हमला खेत में काम कर रहे किसान को किया घायल



रामनगर संवाददाता. में जंगली जानवरों का खौफ लगातार बढ़ता जा रहा है। बाघ के बाद अब गुलदार के हमले ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। ताजा मामला रामनगर के पीरुमदारा क्षेत्र के कटिया पुल के पास का है जहां गेहूं के खेत में काम कर रहे एक व्यक्ति पर गुलदार ने अचानक हमला कर दिया। कटिया पुल निवासी रईस अहमद उम्र करीब 45 वर्ष ने बताया कि वह अपने गेहूं के खेत में पानी लगाने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान खेत के पास झाड़ियों से अचानक निकले गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान रईस अहमद जमीन पर गिर पड़े। शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग मौके की ओर दौड़े जिसके बाद गुलदार वहां से भाग गया। हमले में रईस अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणों की मदद से तत्काल रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका उपचार जारी है। घायल रईस अहमद ने बताया कि हमला इतना अचानक था कि उन्हें ठीक से समझ ही नहीं आया कि जानवर क्या था लेकिन उन्होंने उसके शरीर पर गोल-गोल निशान देखे। वहीं अस्पताल में तैनात डॉक्टर शारिक ने बताया कि घायल को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। गौरतलब है कि रामनगर और आसपास के वन क्षेत्रों से सटे इलाकों में बीते कुछ समय से बाघ और गुलदार के लगातार हमले सामने आ रहे हैं जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। लोग खेतों में काम करने से भी डरने लगे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से इलाके में गश्त बढ़ाने और जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के महत्व पर प्रकाश डाला

रामनगर संवाददाता. उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति एवं बाल विकास जन जागृति समिति की अध्यक्ष शबाना सैफी ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अनुच्छेद 44 संविधान के नीति-निर्देशक सिद्धांतों में शामिल है, जिसका उद्देश्य देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक कानून लागू करना है, जिससे धर्म, जाति या समुदाय के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव न हो।शबाना सैफी ने कहा कि वर्तमान समय में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे विषयों पर अलग-अलग व्यक्तिगत कानून लागू हैं, जिससे असमानता की स्थिति बनती है। समान नागरिक संहिता का उद्देश्य इन सभी मामलों में समानता और न्याय सुनिश्चित करना है, ताकि हर नागरिक को समान अधिकार और सुरक्षा मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के हितों की बात करते हुए कहा कि समान कानून महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभा सकता है।इस अवसर पर अधिवक्ता रुबीना सैफी ने महिलाओं से संबंधित कानूनों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यूजीसी कानूनों, कार्यस्थल पर



महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम और महिलाओं के कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा संस्थानों और कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी द्वारा बनाए गए नियम बेहद महत्वपूर्ण हैं, जिनकी जानकारी हर महिला को होनी चाहिए।अधिवक्ता रुबीना सैफी ने कहा कि कानून तभी प्रभावी होते हैं जब महिलाओं को उनके अधिकारों की सही जानकारी हो। जागरूकता के माध्यम से ही महिलाएं अपने खिलाफ हो रहे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठा सकती हैं।अंत में शबाना सैफी ने उत्तराखंड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता दिवस मनाने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम समाज में कानूनी जागरूकता, समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम बताया हैं।

# अधिकारियो को दिये व्यवस्थाओ को दुरस्त करने के निर्देश

भीमताल संवाददाता. विधायक कैड़ा ने छोटे कैलाश मंदिर मै महाशिवरात्रि को होने वाले मेले के तैयारियों को लेकर अधिकारियो को दिये व्यवस्थाओ को दुरस्त करने के निर्देश विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा 15फरवरी को छोटे कैलाश मंदिर मै महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है छोटा कैलाश मंदिर मै दूर दूर से लाखो शिव भक्त पूजा अर्जना करने आते है मेले का संचालन जिला पंचायत करती है! छोटा कैलाश मंदिर मै लगने वाला मेला क्षेत्र के लोगो की आस्था से जुडा है! जिस पर किसी प्रकार की राजनीती नहीं होनी चाहिए! विधायक कैड़ा ने चूक विभाग के अधिकारियो को चारो तरफ से आने वाले मोटर मार्गो की सही करने के कड़े निर्देश दिये है! विधायक ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मै नजर रखने ,विधायक ने कहा पिछली बार अमृतपुर से कैलाश द्वार तक जाम लग गया था! इस बार जाम से निजात पाने के लिए अभी से व्यवस्था बनाने को कहा है,पैदल मार्गो से झाड़ियों को काटने को कहा है ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का समाना ना करना पड़े! विधायक ने अन्य पेयजल, विधुत व्यवस्थाओ को दुरस्त करने को कहा! विधायक कैड़ा ने सभी जनप्रतिनिधियों से मेले को सफल बनाने मै अपना सहयोग करने की अपील की! विधायक कैड़ा ने सभी अधिकारियो को 12 फरवरी तक सारी व्यवस्था दुरस्त करने के निर्देश दिये! जिससे भक्तो को किसी भी प्रकार की परेशानियो का सामाना ना करना पड़े!

हिन्दी दैनिक जोखिम

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 1035 सहायक अध्यापकों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को राजकीय दून



मेडिकल कॉलेज, पटेलनगर, देहरादून में 1035 सहायक अध्यापक (प्राथमिक शिक्षा) को नियुक्ति पत्र प्रदान किए, जिनमें 17 विशेष शिक्षक भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी युवा शिक्षक राज्य में शिक्षा का स्तर बेहतर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आज से आपके कंधों पर उत्तराखंड के भविष्य को संवारने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आ गई है। जब किसी बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा मिलती है, तो वह केवल अपना जीवन ही नहीं संवारता, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी अमूल्य योगदान देता है। शिक्षक देश के उज्ज्वल भविष्य के शिल्पकार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें समाज, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना भी विकसित करें, जिससे वे शिक्षा के साथ संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक भी बनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने से लेकर डिजिटल शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण और कौशल विकास तक हर स्तर पर व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पिछले साढ़े चार वर्षों में 28 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के आत्मसम्मान की जीत है। इन साढ़े चार वर्षों में जितनी नौकरियां युवाओं को मिली हैं, वह राज्य गठन के बाद और पूर्ववर्ती सरकारों के समय से दो गुना से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य से किसी को खिलवाड़ नहीं करने देगी। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि पिछले साढ़े चार साल में शिक्षा विभाग में 11 हजार 500 से अधिक नियुक्तियां प्रदान की गई हैं। 3 हजार 500 से अधिक विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। राज्य में शिक्षा में नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षा महानिदेशक सुश्री दीप्ति सिंह, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती, निदेशक प्राथमिक शिक्षा अजय नौडियाल, निदेशक अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण वंदना गर्ब्याल, अपर निदेशक कंचन देवराड़ी उपस्थित थे।

## सचिवालय में तैनात अनु सचिव को प्लाट दिलाने के नाम पर ठगी

देहरादून संवाददाता. सचिवालय में तैनात अनु सचिव को प्लाट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने लंबे तकादे के बाद भी रकम वापस नहीं लौटाई, उल्टा अफसर को धमकियां दीं। उनकी शिकायत पर राजपुर थाना पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ मंगलवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नियोजन विभाग में अनु सचिव प्रेम प्रकाश ने राजपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2020 में उन्होंने राजेश्वर नगर फेज-एक एक्सटेंशन, निकट आईटी पार्क में एक प्लॉट खरीदने के लिए लोकेश्वर प्रसाद जायसवाल निवासी एकता विहार, सहस्रधारा रोड से संपर्क किया था। प्लाट के मालिक एक अन्य व्यक्ति बताए गए।

# सूबे में गठित होंगी 643 नई पैक्स समितियां: डॉ धन सिंह रावत

- हरिद्वार में अनाज भंडारण को भूमि चयन कर शीघ्र डीपीआर बनाने के निर्देश
- कहा, सहकारी समितियों को सशक्त व पारदर्शी बनाने को नियमावली में होगा संशोधन

देहरादून संवाददाता. सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज शासकीय आवास पर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने प्रदेश में 643 नई बहुउद्देश्यीय पैक्स (चकै) समितियों का गठन, सहकारी क्षेत्र में अनाज भंडारण योजना, तीन नई राष्ट्रीय सहकारी समितियों, एनसीईआरटी की गतिविधियों में राज्य की भागीदारी, तथा फरवरी माह में गुजरात में प्रस्तावित सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुजरात में प्रस्तावित सहकारिता सम्मेलन के सभी कार्य बिंदुओं पर समयबद्ध ढंग से तैयारियाँ पूर्ण की जाएँ। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को पारदर्शी, सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सचिव सहकारिता डॉ. इकबाल अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत 643 नई पैक्स के गठन का प्रस्ताव है, जिसके सापेक्ष 621 पैक्स का गठन पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि निबंधक कार्यालय के निर्माण के संबंध में शीघ्र ही चिन्हित भूमि पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला सहकारी बैंकों में वर्ग-एक, वर्ग-दो एवं वर्ग-तीन के कुल 177 रिक्त पदों पर आईबीपीएस के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया संपादित की जाएगी।सचिव सहकारिता ने यह भी बताया कि शीघ्र ही कैडर नियमावली में संशोधन करते हुए 350 प्रोफेशनल सचिवों की नियुक्ति की जाएगी।



# विधायक पुरोला के खिलाफ भाजपा के लेटर पैड पर फर्जी शिकायत भेजने में केस

देहरादून संवाददाता.भाजपा के एक पूर्व पदाधिकारी के नाम और लेटर पैड का इस्तेमाल कर पुरोला विधायक के खिलाफ फर्जी शिकायत भेजने का मामला सामने आया है। जालसाज ने फर्जी हस्ताक्षर कर लोक निर्माण विभाग को शिकायती पत्र भेजा। जिसमें विधायक पर कमीशनखोरी के आरोप लगाए गए थे। पीड़ित की तहरीर पर रायपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से उत्तरकाशी और वर्तमान में रायपुर निवासी विनय राजा, पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा बनीगाड-डामटा ने पुलिस को बताया कि उन्हें अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड पुरोला के माध्यम से एक शिकायती पत्र की सूचना मिली। यह पत्र विनय के लेटर पैड पर उनके फर्जी हस्ताक्षरों के साथ प्रमुख अभियंता को भेजा गया था। पत्र में पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल पर आरोप लगाया गया कि वे चहेते ठेकेदारों की योजनाओं को स्वीकृत कराने के बदले 5 से 10 प्रतिशत सुविधा शुल्क (रिश्वत) ले रहे हैं। विनय राज ने स्पष्ट किया कि उन्होंने न तो ऐसी कोई शिकायत की है और न ही पत्र पर उनके हस्ताक्षर हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि साल 2023 में भी उनके लेटर पैड का दुरुपयोग कर विभाग की एक महिला इंजीनियर के विरुद्ध मुख्यमंत्री कार्यालय में झूठी शिकायत की गई थी। विनय का आरोप है कि कोई अज्ञात व्यक्ति बार-बार उनके नाम का इस्तेमाल कर विधायक और उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। एसओ रायपुर गिरीश नेगी ने बताया कि विनय राज की तहरीर पर धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार...

### विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का निधन, मुख्यमंत्री धामी ने किया दु:ख व्यक्त

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अजीत पवार ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए सदैव करुणा, संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि इस दु:खद हादसे में दिवंगत सभी पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों, सहयोगियों एवं समर्थकों को यह असह्य दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित उत्तराखंड की कैबिनेट ने भी विमान दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा ।

### ब्राह्मण महासभा ने यूजीसी एक्ट के विरोध में दिया सांकेतिक धरना

देहरादून संवाददाता.अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा में यूजीसी एक्ट के विरोध में घंटाघर स्थित पंचायती मंदिर में सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान ब्राह्मणों के साथ अत्याचार का भी विरोध किया गया है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, महासचिव उमाशंकर शर्मा, संगठन सचिव मनोज कुमार शर्मा, संरक्षक लालचंद शर्मा, प्रदेश युवा अध्यक्ष जिला सत्येंद्र कुमार दीक्षित, जिला अध्यक्ष संजय खंडूरी, महिला उपाध्यक्ष सावित्री शर्मा, कोषाध्यक्ष गिरीश चंद्र उप्रेती, प्रदेश युवा महासचिव ललित बद्री आदि मौजूद रहे।

### सरकारी जमीनों पर कब्जे होने को लेकर उठाए सवाल

देहरादून संवाददाता. नगर निगम के पार्षदों ने बुधवार को मेयर सौरभ थपलियाल और नगर आयुक्त नमामी बंसल से मुलाकात की। इस दौरान सभी ने सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त करवाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग उठाई। पार्षदों ने पूर्व में कब्जामुक्त हुई जमीनों पर फिर से कब्जे होने को लेकर सवाल उठाए। इसके अलावा विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों को लेकर विस्तार से बात की।

# सब रजिस्ट्रार कार्यालय में खुली लापरवाही की परतें

ऋषिकेश संवाददाता. जिलाधिकारी सविन बसंल ने तहसील परिसर में संचालित सब रजिस्ट्रार कार्यालय में छापा मारा। इस दौरान उन्हें गंभीर अनियमितताएं मिली। मौके पर सब रजिस्ट्रार की गैर मौजूदगी में रजिस्ट्री की जा रही थी। वहीं, लोगों को निर्धारित समय में रजिस्ट्री की नकल तक नहीं दी जा रही थी। इस लापरवाही पर डीएम ने कार्यालय से कम्प्यूटर और दस्तावेज कब्जे में लेते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बुधवार दोपहर करीब 12:55 बजे डीएम सविन बसंल सब रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे। उनके आते ही वहां हड़कंप मच गया। उन्होंने कार्यालय में सबसे पहले उपस्थिति रजिस्ट्र चेक किया। पूछताछ में पता चला कि सब रजिस्ट्रार देहरादून में हो रही किसी मीटिंग में हैं। उनकी गैर मौजूदगी में कार्यालय में रजिस्ट्रियां की जा रही थीं। अभिलेखों की जांच में डीएम को जानकारी मिली कि जो नकलें अधिकतम चार दिन के भीतर आवेदन को उपलब्ध करानी थी, वह एक-एक महीने तक नहीं दी गई हैं। ऐसी 100 से ज्यादा एंट्री उन्हें अभिलेखों की जांच में मिली।

# सैफी पब्लिक स्कूल मे झण्डारोहण करके मिष्ठान वितरण किया गया

रामनगर संवाददाता. नगर के मौहल्ला गुलरघट्टी रोड स्थित सैफी पब्लिक स्कूल मे गणतंत्र दिवस के अवसर पर झण्डारोहण करके मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबधंक कमेटी के संरक्षक जाहिद हुसैन सैफी (आरा मशीन वाले) के द्वारा झण्डारोहण किया गया साथ ही बच्चो ने राष्ट्रगान व सारे जहाँ से अच्छा हिदुंस्ता हमारा गीत गाया। इस मौके पर बच्चो ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालने वाले भाषण दिये व देशभक्ति के गीतो पर नृत्य व देशभक्ति से जुड़े नाटको की प्रस्तुति देकर मनमोह लिया। स्कूल टीचर सुमित कुमार के संचालन मे समपन्न कार्यक्रम मे स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य डॉ. जफर सैफी ने अपने विचार रखते हुये गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये सभी को इस राष्ट्रीय पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंध कमेटी के नसीम सैफी, फैजुल हक सैफी, वाईस प्रिंसीपल शबेनूर सैफी, शिक्षिका नौरीन सैफी, समीना रजा, नेहा सैनी, किरन, नूरबानो, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।



# इश्कां दे लेखे मेरे लिए एक सपना है, जिसे मैंने हर दिन जिया है: ईशा मालवीय



अभिनेत्री ईशा मालवीय अब अपने करियर का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय शुरू करने जा रही हैं। लंबे समय तक अभिनय में मेहनत और तैयारी के बाद, वह अब बड़े पर्दे पर कदम रख रही हैं और अपनी पहली पंजाबी फिल्म इश्कां दे लेखे के जरिए दर्शकों से रूबरू होंगी। उनके लिए यह फिल्म केवल डेब्यू नहीं है, बल्कि उनका एक ऐसा सपना है जिसे उन्होंने हर दिन जिया है। ईशा ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए शब्दों से ज्यादा मायने रखती है। कैमरे के सामने खड़े होना मेरे लिए भावुक भरा अनुभव रहा। यह फिल्म मेरे दिल के करीब है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को भी वही प्यार और ईमानदारी महसूस होगी जो हमने इस फिल्म को बनाते समय महसूस की थी। यह फिल्म एक डेब्यू से कहीं ज्यादा है; यह एक सपना है जिसे मैंने हर दिन जिया है!ष इस फिल्म में पंजाबी सिनेमा के मशहूर अभिनेता गुरनाम भुल्लर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। वहीं इस फिल्म का निर्देशन मनवीर बरार कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी जस्सी लोहका ने लिखी है।इश्कां दे लेखे एक रोमांटिक प्रेम कहानी है, जो 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।ईशा की बात करें तो, उन्होंने 13 साल की उम्र में मॉडलिंग शुरू की थी। साथ ही कई ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा भी लिया था। साल 2021 में टेलीविजन शो उड़ारियां से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने जैस्मीन का किरदार निभाया था। इस शो में उनके साथ अभिनेता अंकित गुप्ता और प्रियंका चाहर चौधरी भी मुख्य भूमिकाओं में थे।इसके बाद ईशा को साल 2023 में सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो बिग बॉस के 17वें सीजन में देखा गया।अभिनेत्री पांव की जुत्ती, पांव की जुत्ती, और शेकी शेकी जैसे म्यूजिक वीडियो से लोकप्रियता हासिल कर चुकीं हैं। वह लवली लोला, पति पत्नी और पंगा, और लाफ्टर शेफ्स में नजर आई।

### ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज, शाहिद-तृप्ति की दिखी रोमांटिक केमिस्ट्री; अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

शाहिद कपूर की आगामी फिल्म श्ओ रोमियो्‌ का पहला गाना श्हम तो तेरे ही लिए थे्‌ आज रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब आज मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है।गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, श्कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है्‌ गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है। शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है।हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं।विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित श्ओ रोमियो्‌ 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।






### दुलकर सलमान की अपकमिंग फिल्म आई एम गेम का फर्स्ट लुक आउट, अभिनेता का इंटेंस लुक देख गदगद हुए लोग

स्टार एक्टर दुलकर सलमान अपनी धांसू एक्टिंग से लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक से एक फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है। दुलकर सलमान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म आई एम गेम की वजह से चर्चा में है। इस फिल्म को देखने के लिए लोग काफी बेताब है। इस बीच फिल्म का फर्स्ट लुक आउट हो गया है, जो कि इंटरनेट वर्ल्ड में धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। दुलकर सलमान का लुक देखकर फैंस सातवें आसमान पर चले गए है।स्टार एक्टर दुलकर सलमान की मलयालम फिल्म आई एम गेम का फर्स्ट लुक आ गया है।  मेकर्स ने पोस्टर रिलीज किया, जिसमें दुलकर सूट-बूट में गन थामे मिशन पर निकलते दिख रहे हैं।दुलकर ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- होमकमिंग फिल्म किंग ऑफ कोठा के बाद ये उनकी मलयालम में बड़ी वापसी है। इस फिल्म को नहास हिदायत डायरेक्ट कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म के बारे में कहा, मैं खुद थिएटर में दुलकर को देखने का इंतजार कर रहा हूं। हम वही देना चाहते हैं जो ऑडियंस को चाहिए। भरपूर एक्शन और इंटेंस सीन हैं, शूटिंग जोरों पर है। जानकारी के लिए बता दें कि दलकर सलमान खान खुद वेफेरर फिल्म्स के बैनर तले जोम वर्गीस के साथ फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। सभी लोग दुलकर सलमान की फिल्म को देखने के लिए बेताब हैं।बताते चलें कि दुलकर सलमान के इंस्टाग्राम पर लाखों फॉलोअर्स हैं और वे सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव हैं। उनके फैंस उनके इंस्टाग्राम पोस्ट का बेसब्री से इंतजार करते हैं। दुलकर सलमान की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब रहते हैं। दुलकर सलमान की फिल्म कांथा हाल ही में रिलीज हुई, जिसे लोगों ने काफी प्यार दिया।

## गोविंदा के लाडले यशवर्धन आहूजा को बॉलीवुड में लॉन्च करेंगे साजिद खान, नितांशी गोयल होंगी जोड़ीदार

बॉलीवुड के चीची यानी गोविंदा के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। खास बात ये है कि उन्हें निर्देशक साजिद खान अपनी अगली फिल्म के जरिए बॉलीवुड में लॉन्च करने जा रहे हैं। साजिद की इस हॉरर थ्रिलर फिल्म का नाम हंड्रेड बताया जा रहा है, जिसकी शूटिंग मुंबई की फिल्म सिटी में शुरू हो चुकी है।रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म में यशवर्धन के साथ लापता लेडीज से अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकीं प्रतिभाशाली अभिनेत्री नितांशी गोयल मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। 23 जनवरी को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर फिल्म का मुहूर्त किया गया। अपनी ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फिल्मों के लिए मशहूर साजिद इस बार एक हॉरर कहानी के साथ दर्शकों को डराने और यशवर्धन के रूप में इंडस्ट्री को एक नया हीरो देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।फिल्म हंड्रेड को बॉलीवुड के दिग्गजों का साथ मिल रहा है। इसे एकता कपूर और शोभा कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स और मशहूर निर्माता अमर बुटाला मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। अमर बुटाला इंडस्ट्री का एक प्रतिष्ठित नाम हैं, जिन्होंने इससे पहले साल 2023 में सिद्धार्थ मल्होत्रा की मिशन मजनू बनाई थी। इसके अलावा वो बजरंगी भाईजान, केसरी, मिशन मंगल, टोटल धमाल और ट्यूबलाइट जैसी बड़ी फिल्मों के सह-निर्माता भी रह चुके हैं।साजिद के लिए ये फिल्म एक तरह से घर वापसी की तरह है। भले ही साजिद को हाउसफुल जैसी कॉमेडी फिल्मों के लिए जाना जाता है, लेकिन उनके निर्देशन सफर की शुरुआत वास्तव में हॉरर से ही हुई थी। शायद आप इस बात से वाकिफ न हों कि उन्होंने साल 2006 में आई हॉरर फिल्म डरना जरूरी है की एक लघु कहानी का निर्देशन किया था। अब करीब 2 दशक बाद वो फिर उसी जॉनर में वापसी कर रहे हैं।फिल्म की शूटिंग शुरू होने से ठीक पहले साजिद खान अपनी सेहत को लेकर चर्चा में थे। दिसंबर 2025 में एक फिल्म सेट पर काम के दौरान साजिद के पैर में गंभीर चोट लग गई थी। अगले ही दिन उनकी सफल सर्जरी हुई। इस मुश्किल समय में उनकी बहन और मशहूर कोरियोग्राफर-डायरेक्टर फराह खान ने प्रशंसकों को बताया था कि सर्जरी सफल रही है और साजिद अब ठीक हो रहे हैं।

## द 50 : प्रिंस नरूला के बाद अब युविका चौधरी को मिला लायन का टिकट




रियलिटी शो द 50 जल्द ही दर्शकों के बीच दस्तक देने वाला है। यह शो इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें 50 सेलेब्स नजर आएंगे। कुछ के नामों की घोषणा हो गई है, तो कुछ का अभी पता लगना बाकी है। शो में कई बड़े नाम कंफर्म हो चुके हैं, जिनमें करण पटेल, दिव्या अग्रवाल, प्रिंस नरुला, फैसल शेख (मिस्टर फैसू), दिव्या अग्रवाल, अर्चना गौतम, मोनालिसा और उनके पति विक्रांत सिंह राजपूत और प्रतीक सहजपाल, ऋद्धि डोगरा और उर्वशी ढोलकिया, चाहत पांडे और नीलम गिरी समेत कई कंटेस्टेंट के नाम शामिल हैं। इस लिस्ट में अब अभिनेत्री युविका चौधरी का नाम जुड़ गया है। युविका, जो अभिनेता प्रिंस नरुला की पत्नी हैं, उन्होंने खुद शुक्रवार को इंस्टाग्राम के जरिए जानकारी दी कि उन्हें भी लायन का टिकट मिल गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें वे काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। वीडियो में युविका कहती हैं, इसी का तो मुझे बेसब्री से इंतजार था। 7 साल हो गए मुझे एक रियलिटी शो किए। मैं इंतजार कर रही थी एक ऐसे बेहतर शो का जो मेरी काबिलियत से मैच करे, जो मुझे हर पल चौलेंज करे। अब आखिरकार वो मौका मिल गया। मैं आ रही हूं आप सबको चौलेंज करने और ये दिखाने के लिए कि युविका चौधरी किसी से कम नहीं है। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, एक नई शुरुआत। द 50 के लिए बहुत उत्साहित हूं। खबर सुनने के बाद प्रशंसकों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। शो में प्रिंस नरुला भी नजर आएंगे, और युविका के जाने से शो में पावर कपल का जलवा एक बार फिर देखने को मिलेगा। दोनों साथ में शो में एंट्री कर रहे हैं। यह शो 1 फरवरी से जियो हॉटस्टार और कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। यह शो दर्शकों और कंटेस्टेंट को एक नया और अलग अनुभव देने वाला है। अब देखना होगा कि यह शो दर्शकों को कैसा लगेगा।

# सचिव आवास डॉ आर राजेश कुमार ने की राज्य स्तर पर योजनाओं की सघन समीक्षा

**– कैरिंग कैपेसिटी असेसमेंट स्टडी के लिए तैयार ड्राफ्ट पर भी हुई चर्चा**

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड में आवास एवं शहरी विकास से जुड़ी योजनाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से लागू करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में सचिवख्रआवास, राज्य संपत्ति तथा आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के आयुक्त एवं मुख्य प्रशासक डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण (यूएचयूडीए) से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सचिव आवास के कॉन्फ्रेंस कक्ष में सम्पन्न हुई।यूएचयूडीए की संरचना और कार्यों का प्रस्तुतीकरण: बैठक के प्रारम्भ में कार्यक्रम प्रबंधक, यूएचयूडीए द्वारा प्राधिकरण की स्थापना, संगठनात्मक संरचना, विधिक प्रावधानों के अंतर्गत परिभाषित कार्यों, विशेष नीतियों, नियम-विनियम एवं संशोधनों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसमें यूएचयूडीए एवं जिला स्तरीय विकास प्राधिकरणों के गठन, वर्ष 1973 के अधिनियम के अंतर्गत कार्यों तथा प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे अवस्थापना विकास कार्यों की जानकारी साझा की गई।प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर फोकस: प्रस्तुतीकरण में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 एवं 2.0 की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सचिव आवास ने योजना के तहत चल रहे निर्माण, स्वीकृति और आवंटन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंदों



को समय पर आवास उपलब्ध कराया जा सके।नई आवास नीति तैयार करने के निर्देश: सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि राज्य के लिए एक नई आवास नीति तैयार किया जाना समय की आवश्यकता है, क्योंकि वर्ष 2017 में जारी उत्तराखण्ड आवास नीति की वैधता अवधि समाप्त हो चुकी है। उन्होंने निर्देश दिए कि नई नीति में शहरीकरण की वर्तमान चुनौतियों, किफायती आवास, पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों और सतत विकास को विशेष रूप से शामिल किया जाए।एमडीडीए और एचआरडीए परियोजनाओं की समीक्षा : प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 की समीक्षा के दौरान सचिव आवास ने देहरादून-मसूरी विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की परियोजनाओं में लॉटिंग एवं आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही भ्त्क। द्वारा लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर जोर दिया गया, ताकि योजनाओं का लाभ आमजन तक समय पर पहुँच सके।च्ड।ल 1.0 के कार्य तय समय में पूरे करने के निर्देश : बैठक में एनपीएमसी के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 से संबंधित सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा (सितम्बर 2026) के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए गए। सचिव आवास ने अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर आवंटन सहित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करने के लिए औपचारिक पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए।कैरिंग कैपेसिटी अध्ययन पर विशेष जोर : बैठक में कैरिंग कैपेसिटी असेसमेंट स्टडी के लिए तैयार ड्राफ्ट त्थ्च पर भी चर्चा की गई। सचिव आवास ने इसे राज्य के प्रमुख नगरों, तीर्थस्थलों, विशेषकर चारधाम क्षेत्रों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में इस अध्ययन को प्राथमिकता के आधार पर शामिल करने के निर्देश दिए, जिससे विकास कार्यों को पर्यावरणीय संतुलन के साथ आगे बढ़ाया जा सके।आगामी बैठकों के लिए रोडमैप तय: सचिव आवास ने निर्देश दिए कि आगामी बैठक में पीएमयू टीम का परिचय, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 एवं 2.0 की प्रगति, शासन को प्रस्तुत विभिन्न ड्राफ्ट नीतियों एवं ड्राफ्ट त्थ्च्े की विस्तृत समीक्षा की जाए। साथ ही यूएचयूडीए से संबंधित सभी नियम, विनियम, उपविधियाँ एवं नीतियों की एक-एक प्रति संदर्भ हेतु उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।वरिष्ठ अधिकारियों की व्यापक सहभागिता: बैठक में संयुक्त मुख्य प्रशासक यूएचयूडीए, ग्रामीण मंत्रालय यूएचयूडीए, पीएमयू टीम, विशेष सचिव आवास एवं शहरी विकास, निदेशक/उप सचिव आवास रजनीश जैन, अपर सचिव राहुल सुन्द्रीयाल, संयुक्त मुख्य प्रशासक दिनेश प्रताप सिंह, कार्यक्रम प्रबंधक कैलाश चन्द्र पांडेय, हाउसिंग विशेषज्ञ रोहित रंजन, संस्थागत सुधार विशेषज्ञ कामना करण एंव आईटी व एमआईएस विशेषज्ञ सचिन नौटियाल शामिल थे। सभी अधिकारियों ने विभागीय कार्यों की प्रगति और चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की।सचिवख्रआवास डॉ. आर. राजेश कुमार का बयान : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि राज्य में आवास एवं शहरी विकास से जुड़ी सभी योजनाओं को पारदर्शी, समयबद्ध और जनहितैषी तरीके से लागू किया जाए। उत्तराखण्ड आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के माध्यम से आवासीय योजनाओं, अवस्थापना विकास कार्यों और नीतिगत सुधारों को नई दिशा दी जा रही है। वर्ष 2017 की आवास नीति की अवधि समाप्त हो चुकी है, इसलिए राज्य की वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक नई आवास नीति तैयार की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत चल रहे कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही है और सभी विकास प्राधिकरणों को निर्देश दिए गए हैं कि आवंटन, लॉटिंग एवं निर्माण से जुड़े लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों, प्रमुख नगरों और तीर्थस्थलों में विकास कार्यों को पर्यावरणीय संतुलन के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए कैरिंग कैपेसिटी असेसमेंट स्टडी को भी प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि राज्य में सतत और संतुलित विकास को मजबूती मिल सके।"

**सीएम धामी के नेतृत्व में जनसेवा का नया रिकॉर्ड, 484 कैम्पों से 3. 89 लाख से अधिक लोग लाभान्वित**

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चलाए जा रहे ष्जन-जन की सरकार जन-जन के द्वारष के तहत आयोजित विशेष कैम्पों को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। राज्य सरकार की प्रभावी कार्ययोजना और प्रशासनिक सक्रियता का ही परिणाम है कि बड़ी संख्या में आम नागरिक इन कैम्पों के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं। आज आयोजित किए गए कुल 10 कैम्पों में 12,510 व्यक्तियों ने सहभागिता की, जो सरकार की जनहितकारी नीतियों पर आम जनता के विश्वास को दर्शाता है। वहीं, अब तक की कुल अवधि में राज्यभर में 484 कैम्पों का आयोजन किया जा चुका है, जिनके माध्यम से कुल 3,89,868 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। इसके लिए प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाने की नीति पर कार्य किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार...

### बारिश के बाद जलभराव होने से बढ़ी परेशानी

देहरादून संवाददाता. दून शहर के विभिन्न इलाकों में मंगलवार रात से लेकर बुधवार सुबह तक बारिश हुई। जिन इलाकों में सड़कों की खुदाई की गई है, वहां वाहन चालकों, राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। क्रॉस रोड मॉल के सामने ओल्ड डालनवाला की ओर जाने सड़क पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे भी बारिश का पानी जमा था। इसके अलावा इंदरा मार्केट रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट, ग्रीन बिल्डिंग समेत शहर में चल रहे विकास कार्यों पर भी बारिश का असर पड़ा है। कुछ जगह सुबह के समय काम बाधित रहा।

### मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिन पर भजन-कीर्तन, दीर्घायु की कामना

देहरादून संवाददाता. काबीना मंत्री गणेश जोशी के जन्म दिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री राधाकृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने मंत्री के स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की। कीर्तन के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्षा मीरा सकलानी, जसोदा शर्मा, कमला थपलियाल, अनिता धनाई, गुड़ी देवी और राधा धनाई समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लाला लाजपत राय की जयंती पर याद किया

देहरादून संवाददाता. नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने देश की आजादी में उनके अविस्मरणीय योगदान पर चर्चा की। मुख्य वक्ता राज्य आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती ने कहा कि लाला जी ने साइमन कमीशन का प्रखर विरोध किया और राष्ट्र के लिए कई बार जेल गए। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रभात डंडरियाल और संचालन करते हुए महासचिव आरिफ वारसी ने अफसोस जताया कि आज की युवा पीढ़ी महापुरुषों के बलिदान से अनजान होती जा रही है। उन्होंने युवाओं से लाला लाजपत राय के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

### नर्सिंग बेरोजगार 30 को हल्द्वानी में आक्रोश रैली निकालेंगे

देहरादून संवाददाता. नर्सिंग बेरोजगारों ने अब फिर से उग्र आंदोलन करने का मन बना लिया है। बेरोजगार 30 जनवरी को हल्द्वानी में आक्रोश रैली निकालेंगे। नर्सिंग भर्ती से जुड़ी मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन बुधवार को 55वें दिन भी जारी रहा। एकता विहार धरना स्थल पर बैठे बेरोजगारों ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया, तो शासन-प्रशासन के खिलाफ बड़ा मोर्चा खोला जाएगा। नर्सिंग एकता मंच के अध्यक्ष नवल पुंडीर और विकास पुंडीर ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के बावजूद सरकार कोई निर्णायक पहल नहीं कर रही है, जिससे अभ्यर्थियों में भारी रोष है। इस दौरान मुकेश रमोला, प्रवेश रावत, उपेंद्र, संजय, भास्कर और शिरा बंधानी आदि मौजूद रहे।

### जापान में गूंजेगी पहाड़ी धुन, मैठाणी बिखेरेंगे उत्तराखंडी संस्कृति के रंग

ऋषिकेश संवाददाता. उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति जापान की राजधानी टोक्यो में चमक बिखेरने को तैयार है। आगामी एक फरवरी को टोक्यो में होने वाले 'उत्तराखंड मात्सुरी' कार्यक्रम में उत्तराखंड के लोक गायक सौरव मैठाणी अपनी आवाज और पहाड़ी धुनों से प्रवासी उत्तराखंडियों के साथ जापानी नागरिकों को भी मंत्रमुग्ध करेंगे। लोक गायक सौरव मैठाणी ने बताया कि एक फरवरी को जापान की राजधानी टोक्यो में 'उत्तराखंड मात्सुरी' कार्यक्रम उनके लिए गौरवपूर्ण क्षण होगा। इस उत्सव में उन्हें पहाड़ी धुनों की प्रस्तुति देने का मौका मिला है। जापान में पहली बार इतने बड़े स्तर पर उत्तराखंडी सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

## होटल बिजनेस में पार्टनर बनाने का झांसा देकर ठग लिए दो करोड़

देहरादून संवाददाता. होटल बिजनेस में पार्टनर बनाने का झांसा देकर मसूरी निवासी व्यक्ति को दो करोड़ रुपये का चूना लगा दिया गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की तो सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट आदेश पर राजपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोर्ट में दीपक कुमार रावत निवासी पानीवाली बैंड (मसूरी) ने अपील की। कहा कि वर्ष 2014 में उनकी जान-पहचान गौरव किराड़ निवासी लेन दो, गंगोत्री विहार, कैनाल रोड से थी। दीपक ने जब अपनी पैतृक जमीन बेची तो गौरव ने उससे मिली रकम को इनकम टैक्स से बचाने और अच्छा मुनाफा कमाने का लालच देकर मसूरी में होटल और होस्टल बिजनेस में बतौर पार्टनर निवेश को कहा। गौरव ने भरोसा दिलाया कि लाभ को आधा-आधा बांटा जाएगा। पीड़ित तैयार हो गए। तब मुख्य आरोपी गौरव किराड़ ने टैक्स चोरी का डर दिखाकर सारी रकम अपने अकेले के खाते में न लेकर अपनी कंपनी केदार स्टेट एंड डेवलपर, पत्नी टीना किराड़, पिता सुरेश किराड़ और माता सुनीता किराड़ के बैंक खातों में ट्रांसफर करवाई। मार्च 2022 से लेकर जुलाई 2025 के बीच पीड़ित ने कुल 2.02 करोड़ रुपये से अधिक इन खातों में जमा किए। जब दीपक ने होटल निर्माण की स्थिति पूछी या जमीन दिखाने की जिद की तो आरोपी टाल-मटोल करने लगा। आरोप है कि जब पीड़ित आरोपियों के घर पैसे वापस मांगने पहुंचा तो गौरव और उसके परिजनों ने उसके साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। पीड़ित का दावा है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और परिवार की महिलाओं ने उसे झूठे छेड़छाड़ के मुकदमे में फंसाने की चेतावनी देकर घर से निकाल दिया। पीड़ित ने पहले राजपुर थाने और फिर एसएसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। तब कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय के कड़े रुख के बाद अब राजपुर थाना पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर राजपुर प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि बैंक ट्रांजेक्शन और साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव पंत द्वारा जेल रोड, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन जेल रोड, हल्द्वानी नैनीताल से मुद्रित। **सम्पादक – राजेश पंत**

**फोन नं0– 05946–254443 प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/36647 email:** jokhimhaldwani2013@gmail.com

ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़नें के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com